Bareilly, Saturday,
15 February 2020
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City - 3/-
Outside Bareilly City - 3/-
Pages 12

दैनिक जागरण

inext

Page No-6 : Middle

अंतराग्नि में स्टूडेंट्स ने दिखाया टैलेंट

PICS: DAINIK JAGRAN INEX

एसआरएमएस में पहले दिन हुए 28 कॉम्पटीशन, योगी प्रतीक चैतन्य ने ध्यान संगीत से ज्ञान बढ़ाने के टिप्स दिए

चीफ गेस्ट को किया सम्मानित.

स्टूडेंट्स ने डांस से मोहा मन.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (14 Feb): एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालाजी के दो दिवसीय कल्चरल और स्पोर्ट्स कॉम्पटीशन अंतराग्नि के पहले दिन 28 कॉम्पटीशन में स्टूडेंट्स ने पार्टिसिपेट किया. सीईटी के मेन ग्राउंड में फ्राइडे सुबह नौ बजे आमोद रन के साथ स्पोर्ट्स कॉम्पटीशन शुरू हुआ. आमोद रन में मिली मशाल से एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने ज्योति जलाई और आमोद ध्वज फहराया.

वेलेंटाइन की दी शुभकामनाएं

कॉलेज के सेंटेनियल ऑडिटोरियम में मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने देवमूर्ति, आईआईटीएन व आध्यात्मिक गुरु योगी प्रतीक चैतन्य ने मेहमानों के साथ दीप प्रज्वलित किया. सरस्वती और गणेश वंदना व संस्थान गीत के बाद एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन ने सांस्कृतिक प्रतियोगिता जेस्ट को आरंभ किया. देवमूर्ति से वैलेंटाइन विशेज पर स्टूडेंट्स ने उत्साह से जवाब दिया.

लीडर बनने के दिए टिप्स

देवमूर्ति ने स्टूडेंट्स से खेल भावना से मंच इस्तेमाल करने का आह्वान किया. वाराणसी से आए आईआईटीएन, साधक, गायक, इंटरप्रिन्योर, योगी प्रतीक चैतन्य ने ध्यान संगीत से ज्ञान को बढ़ाने और समाज में लीडर बनने के टिप्स दिये.

यह रहे मौजू
एसआरएमएस ट्रस
सचिव आदित्य मूर्ति
निदेशक आशा मूर्ति
ट्रस्टी ऋचा मूर्ति
डॉ. सुभाष मेहरा
डॉ. एसबी गुप्ता, डॉ
निर्मल यादव, डॉ
प्रभाकर आदि रहे.